डॉ. वीरेन्द्र कुमार
**DR. VIRENDRA KUMAR**
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री
भारत सरकार
**MINISTER OF
SOCIAL JUSTICE AND EMPOWERMENT
GOVERNMENT OF INDIA**

सत्यमेव जयते

कार्यालय : 8619, जोन 6, आठवां तल, जीपीओए-3,
नेताजी नगर, नई दिल्ली-110023
दूरभाष : 011-24105011, 011-24105009
फैक्स : 011-24101052
ई-मेल : min-sje@nic.in

Office : 8619, Zone 6, 8th Floor, GPOA - 3
Netaji Nagar, New Delhi-110023
Tel : 011-24105011, 011-24105009, Fax : 011-24101052
E-mail : min-sje@nic.in

Dy. No. 251 /VIP/M(SJ&E)
Dated 04/05/2026

## शुभकामना संदेश

मुझे यह जानकर अत्यंत हर्ष और गर्व की अनुभूति हो रही है कि डॉ. शुभम रामनारायण धूत के अथक प्रयासों ने हीमोफिलिया रोगियों के जीवन में नई आशा की किरण और जीवन गुणवत्ता का नया प्रकाश जागृत किया है जो लंबे समय से इस गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। डॉ. शुभम के नेतृत्व में विश्व का प्रथम पंजीकृत आयुर्वेदिक क्लिनिकल ट्रायल भारत के महाराष्ट्र राज्य के शासकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं रुग्णालय, धाराशिव में आरंभ किया गया है जो हीमोफीलिया रोगियों के लिए चिकित्सा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि तथा सार्थक कदम है। डॉ. धूत को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए मेरे मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांगजन श्रेणी के अंतर्गत राष्ट्रीय व्यक्तिगत उत्कृष्टता पुरस्कार 2021 - श्रेष्ठ दिव्यांगजन से भी सम्मानित किया गया है।

डॉ. शुभम रामनारायण धूत एवं उनकी टीम द्वारा विकसित की गई आयुर्वेदिक औषधि **रक्तामृत वटी** ने हीमफीलिया रोगियों में क्लॉटिंग फैक्टर इंजेक्शनों पर निर्भरता कम करने की दिशा में सराहनीय एवं सकारात्मक परिणाम प्रस्तुत किए हैं।

यह महत्वपूर्ण अनुसंधान आयुर्वेद और आधुनिक चिकित्सा के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। इस प्रकार के अनुसंधान न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक समावेशी बनाते हैं, बल्कि समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों को बेहतर उपचार के अवसर भी प्रदान करते हैं।

मैं इस नवोन्मेषी महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए डॉ. धूत एवं उनकी पूरी टीम को हार्दिक बधाई देता हूँ तथा उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएँ व्यक्त करता हूँ। मुझे विश्वास है कि यह कार्य देश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई दिशा स्थापित करेगा।

भवदीय,

**(डॉ. वीरेन्द्र कुमार)**

**डॉ. शुभम रामनारायण धूत,**
तिलक आयुर्वेद परिसर,
पुणे-4110011,
महाराष्ट्र।